क्षा परियोजना परिषद्
वन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, पटना–800 004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rastrabhasha Parishad Campus
Saidpur, Patna –800 004

Actts/4743
Date - 17/09/2012

वा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सर्व शिक्षा अभियान,
सभी जिले।

विषयः– **भुगतान हेतु स्वीकृत्यादेश प्राप्त करने की प्रक्रिया में एकरूपता लाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय आदेश संख्या Acctts/3327 दिनांक 9.7.2012 के द्वारा विभिन्न प्रकार के निदेशों के साथ विपत्रों के भुगतान से संबंधित नियम लागू किये गये है। जिनके आधार पर संभाग प्रभारियों को राज्य स्तरीय कार्यालय में राज्य परियोजना निदेशक से एवं जिला कार्यालय में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से स्वीकृत्यादेश प्राप्त करना है। लेखा शाखा को उसका भुगतान सुनिश्चित करना है। उक्त आदेश को प्रभावी बनाने केलिए ज्ञापांक 3559 दिनांक 23.7.2012 द्वारा आदेश दिया गया था कि राज्य कार्यालय स्तर पर सभी संभाग प्रभारी जिले के संभाग कर्मियों की बैठक में आदेश संख्या 3327 दिनांक 9.7.2012 को प्रभावी ढंग से लागू होने केलिए पूर्ण प्रशिक्षण देंगे। जिले की बैठकों एवं राज्य स्तरीय कार्यालय की संचिकाओं के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि स्वीकृत्यादेश प्राप्त करने में एकरूपता नहीं पायी जाती। उक्त परिस्थिति में पुनः लेखा शाखा के द्वारा भुगतान का आदेश प्राप्त करना पड़ता है। विपत्र या अन्य प्रकार के भुगतानों केलिए स्वीकृत्यादेश प्राप्त करने केलिए कुछ मुख्य बिन्दु/तथ्य का अध्ययन किया गया है जिसके अनुपालन करने से होनेवाली भूल एवं स्वीकृत्यादेश प्राप्त करने में एकरूपता दृष्टिगोचर होगी। यह सभी बिन्दु/तथ्य इस पत्र के साथ संलग्न है। संलग्न किये गये तथ्यों के आलोक में कारवायी करने की अपेक्षा की जाती है। यह भी संभव है कि कुछ संभाग प्रभारियों के द्वारा इससे अधिक ध्यान स्वीकृत्यादेश प्राप्त करने के पूर्व लिया जाता हो। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे गुणवत्तापूर्ण कार्य करते रहें एवं किये गये कार्य से राज्य स्तरीय कार्यालय को भी अवगत करें जिससे कि उन कार्यों को अन्य जिलों को भी अवगत कराया जा सकें।

विश्वासभाजन,

(राहुल सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

दिनांक - 17/09/2012

अनुलग्नकः यथोपरि। ज्ञा॰ 4743

प्रतिलिपिः सभी संभाग प्रभारी, राज्य स्तरीय कार्यालय/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (लेखा एवं योजना) सभी जिले, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(राहुल सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

Sept -2012

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

☎:0612-2667163, Fax: 0612-2667190; Email: dpepbihar@hotmail.com, Website: www.bsppssa.org